एन एम डी सी
NMDC
# बैला समाचार
बैलाडीला लौह अयस्क खान, किरन्दुल काम्प्लेक्स
जून, 2023

## मुख्य महाप्रबंधक का संदेश




प्रिय साथियों,

आपको बताते हुए खुशी हो रही है कि एनएमडीसी ने वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 3.46 मिलियन टन का उत्पादन एवं 4.1 मिलियन टन लौह अयस्क की बिक्री की, जो कंपनी के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक जून माह का उत्पादन और बिक्री दर्ज करता है। आरओएम उत्पादन में 35 प्रतिशत एवं बिक्री में 115 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की है जो कंपनी की स्थापना लेकर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है । वित्तीय वर्ष 2024 की पहली तिमाही में कंपनी का संचयी उत्पादन और बिक्री में 20 प्रतिशत और 45 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा सकती है। निश्चय ही कंपनी का यह अत्यंत उत्साहवर्धक प्रदर्शन रहा है ।

इसी क्रम में परियोजना ने माह जून में कुल उत्खनन 13.64 लाख टन, एलसीएफ प्रेषण 12.91 लाख टन का निष्पादन किया है। इसके लिए मैं सभी को बधाई देता हूं ।

परियोजना में इस माह में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं निदेशक (उत्पादन) और विशिष्ट अतिथियों का आगमन हुआ । इसके साथ ही पर्यावरण दिवस, योग दिवस जैसे विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए । आने वाले समय में इसी तरह अपने प्रदर्शन को बनाए रखते हुए हमें लक्ष्यों को हासिल करना है ।

शुभकामनाओं के साथ.....

आपका,

(पद्मनाभ नाईक)

## सीएमडी का आगमन



दिनांक 25.06.2023 को परियोजना में एनएमडीसी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री अमिताभ मुखर्जी जी का सपत्नीक श्रीमती चैताली मुखर्जी, अध्यक्षा, मिनरल ईव्स क्लब, हैदराबाद का आगमन हुआ। अतिथिगृह में सीएमडी का स्वागत श्री पद्मनाभ नाईक, मुख्य महाप्रबंधक ने एवं श्रीमती चैताली मुखर्जी का स्वागत श्रीमती मृणालिनी नाईक, अध्यक्षा प्रेरणा महिला समिति ने पुष्पगुच्छ देकर किया । इसी प्रकार विभागाध्यक्षों एवं श्रमसंघों के प्रतिनिधियों ने भी सीएमडी महोदय का हार्दिक स्वागत किया । सीएमडी महोदय ने विभागाध्यक्षों, श्रमसंघों एवं अन्य एसोसिएशन्स की आवश्यक बैठक कर वित्तीय वर्ष 2023-24 के वार्षिक लक्ष्यों को पूरा करने के आवश्यक निर्देश भी दिए । सीएमडी महोदय ने लोडिंग प्लांट से रेलवे साईडिंग नंबर-13 तक सीसी सड़क निर्माण का भूमिपूजन, एसपी-।।। निर्माण निरीक्षण, लोडिंग प्लांट एवं माइनिंग का भी दौरा किया । प्रेरणा महिला समिति द्वारा भी बैला क्लब में सीएमडी एवं अध्यक्षा, मिनरल ईव्स क्लब का सम्मान किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ । अतिथिगृह में उनके द्वारा वृक्षारोपण किया गया ।
















Hearty Welcome


BAILA CLUB & PRERNA MAHILA SAMITI
Hearty Welcome









## साईज प्रोडक्शन प्लांट

दिनांक 26-6-2023 को श्री अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एनएमडीसी लिमिटेड, हैदराबाद ने कुमारमारेंगा रेलवे साईडिंग में साईज प्रोडक्शन प्लांट का फीता काटकर उद्‌घाटन किया। इस दौरान श्री पद्‌मनाभ नाईक, मुख्य महाप्रबंधक, किरंदुल कॉम्प्लेक्स ने श्री मुखर्जी का पुष्पगुच्छ भेंटकर हार्दिक स्वागत किया। कुमारमारेंगा स्थित साईज प्रोडक्शन प्लांट के लग जाने से लौह अयस्क के एक ओर प्रोडक्ट में बढोतरी हुई है। इससे लौह अयस्क को पिघलाने में ऊर्जा की खपत कम होगी तथा कंपनी की आय में वृद्धि होगी। उद्‌घाटन समारोह पर सर्वश्री एस.बी.सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), राजाकुमार, महाप्रबंधक (उत्पादन), एम. सुब्रमण्यम, महाप्रबंधक (विद्युत), एस.के. कोचर, महाप्रबंधक (खनन), बी.के. माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक), शिवदास चिकाटे, उप महाप्रबंधक (सीएंडआईटी), के.साजी, अध्यक्ष, नरसिम्हा रेड्डी, कार्यालय सचिव, एसकेएमएस, एमएमडब्ल्यू यूनियन प्रतिनिधि ओम साहू, राकेश लाल, पवन डेविड, पतिराम बघेल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।













## निदेशक (उत्पादन) का आगमन

दिनांक 20-6-2023 को परियोजना में श्री डी.के.मोहंती, निदेशक (उत्पादन) का सपत्नीक श्रीमती लिपि मोहंती जी, उपाध्यक्षा, मिनरल ईव्स क्लब हैदराबाद का आगमन हुआ। अतिथिगृह में निदेशक महोदय का स्वागत श्री पद्मनाभ नाईक, मुख्य महाप्रबंधक ने एवं श्रीमती लिपि मोहंती जी का स्वागत श्रीमती मृणालिनी नाईक, अध्यक्षा, प्रेरणा महिला समिति ने पुष्पगुच्छ देकर किया। तत्पश्चात निदेशक महोदय ने विभागाध्यक्षों, श्रमिक संघों, आफिसर्स एसो.एवं एससी-एसटी कर्म.कल्याण समिति प्रतिनिधियों की बैठक ली और उत्पादन-उत्पादकता पर सविस्तार चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैला क्लब में उनके सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। किरंदुल उत्कल समाज द्वारा आयोजित रथ यात्रा में श्री मोहंती एवं श्रीमती लिपि मोहंती जी ने भगवान श्री जगन्नाथ, बलभ्रद एवं सुभद्रा जी विशेष पूजा अर्चना की और रथा खिंच कर नगरवासियों के सुख संपन्नता की कामना की। उन्होंने अतिथिगृह में पर्यावरण संतुलन हेतु वृक्षारोपण किया ।













## पैथॉलॉजी लैब का उद्घाटन

दिनांक 01-06-2023 को परियोजना चिकित्सालय में सर्वसुविधायुक्त नव निर्मित पैथोलॉजी लैब का उद्घाटन श्री पद्मनाभ नाईक, मुख्य महाप्रबंधक ने फीता काटकर किया । इस अवसर पर डा.एम.वी. लाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, श्री एस.बी. सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन), श्री बी.के. माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक), श्री एस. गुहा, उप महाप्रबंधक (वित्त), श्री रामनाथ, उप महाप्रबंधक (सिविल), श्री के. साजी, अध्यक्ष, श्री मधुकर सितापराव, उपाध्यक्ष, एसकेएमएस, श्री राकेश लाल, श्री राजेन्द्र यादव, कार्यालय सचिव सहित परियोजना चिकित्सालय के डॉक्टर्स, नर्स एवं पैथॉलॉजी लैब के कर्मचारी उपस्थित थे ।









## विश्व पर्यावरण दिवस

परियोजना द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस-2023 मनाया गया और इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं एन.एम.डी.सी. अधिकारियों/कर्मचारियों, उनके गृहिणियों एवं छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित की गई । इस वर्ष की थीम "Solution to Plastic Pollution" एवं "Mission Life-Life Style for Environment" था, जिसमें नारा लेखन निबंध लेखन एवं पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता परियोजना द्वारा आयोजित किए गए । पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु परियोजना द्वारा 5 जून 2023 को वृक्षारोपण एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में श्री पद्मनाभ नाईक, मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक के साथ सर्वश्री एस.बी. सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन), एस.के. कोचर, महाप्रबंधक (खनन) एवं सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। प्रिंटेड टी-शर्ट, टोपी एवं जूट बैग का वितरण किया गया । विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भी संपन्न किया जाना है ।











## कार्मिक मामले

### सेवानिवृत्ति



श्री एस.के देवांगन
मा. एचईएम आप.



श्री दुर्गम सत्यनारायण
मा. एचईएम मेके.



श्री ए.पेंचलैया
मा. एचईएम आप.



श्री रघुरामा राव
मा. एम.सी.ओ.



रोजमेरी राव
सीनि. नर्स



श्री दानेश्वर प्रसाद देशमुख
मा. एचईएम आप.



श्री बलदेव राम मरकाम
वरि. सहायक



श्री हेमंत कुमार लव्हात्रे
मा.एचईएम आप.



श्री बी.आर. तुरकाने
सीनि. एमसीओ

## स्थानांतरण

| | |
|---|---|
| श्री सी.एच. श्रवण कुमार, महाप्रबंधक (भू-विज्ञान) | हैदराबाद से किरंदुल |
| श्री अनिल कुमार, उप महाप्रबंधक (खनन) | किरंदुल से दोणिमलै |
| श्री योगेश कुमार, उप महाप्रबंधक (मेके.) | हैदराबाद से किरंदुल |
| श्री एम. नागाशेषु, उप महाप्रबंधक (मेके.) | किरंदुल से हैदराबाद |
| श्री पूर्णेन्द्र सिंह कंवर, सहा. महाप्रबंधक (मेके.) | किरंदुल से जीईसी रायपुर |
| श्री कृष्ण कुमार यादव, वरि. प्रबंधक (मेके.) | किरंदुल से दोणिमलै |
| श्री वी. भवानी शंकर, प्रबंधक (सीएंडआईटी) | वैजाग से किरंदुल |
| श्री आदित्य पाण्डे, कनि. प्रबंधक (मेके.) | किरंदुल से जीईसी रायपुर |
| श्री शशि कृष्ण राजन, कनि. अधि (मेके.) | किरंदुल से पन्ना |

## शोक संदेश

दिनांक 20.05.2023 को परियोजना में कार्यरत माणिक रॉय, वरि. सहायक (कार्मिक) एवं दिनांक 20.06.2023 को आनंद कुमार झाड़ी, इलेक्ट्रीशियन का आकस्मिक एवं असामयिक निधन पर परियोजना परिवार अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करता है।



माणिक रॉय
वरि. सहायक (कार्मिक)



आनंद कुमार झाड़ी
इलेक्ट्रीशियन

## विश्व योग दिवस

परियोजना द्वारा दिनांक 21, जून, 2023 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर परियोजना विद्यालय में योगाभ्यास किया गया । सर्वप्रथम श्री पद्मनाभ नाईक, मुख्य महाप्रबंधक ने दीप प्रज्ज्वलन कर सभी को संबोधित किया तथा अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ योभाग्यास किया । इस दौरान बीआईओपी स्कूल, डीएवी स्कूल, केंद्रीय विधालय के छात्र छात्राओं सहित महिलाओं ने भी योगाभ्यस किया। कार्यक्रम में योगशिक्षक छबील साहू एवं नरोत्तम ध्रुव द्वारा नाड़ी शोधन, अनुलोम विलाम, कपालभाति, चक्रासन, सूर्य नमस्कार तथा प्राणायाम इत्यादि योग करवाए गएं । कार्यक्रम में सर्वश्री एस.बी. सिंह,मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), बी.के. माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक), राजाकुमार, महाप्रबंधक (संयंत्र), एम. सुब्रमण्यम, महाप्रबंधक (विद्युत), एस.के. कोचर, महाप्रबंधक (खनन), मधुकर सितापराव, उपाध्यक्ष, एसकेएमएस सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे ।












## रक्तदान शिविर

विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के तहत परियोजना अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। परियोजना विद्यालय की शिक्षिका साधना स्तंभ, सीआईएसएफ जवानों, अस्पताल कर्मचारियों, एनएमडीसी कर्मचारी एवं आम नागरिकों द्वारा 35 यूनिट रक्तदान किया गया । डॉ. सलील श्रीवास्तव, संयुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा की स्वास्थ्य एवम परिवार कल्याण विभाग के दिशा निर्देश में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से नागरिकों एवं कर्मचारियों को स्वैच्छिक रक्तदान हेतु जागरूक किया गया । इस अवसर सीएमओ डॉ एम.वी. लाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एस. बी. सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), जी. वेलबसंथन, सहा. महाप्रबंधक कार्मिक सहित चिकित्साल विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे ।















## महिला जगत

### प्रेरणा महिला समिति

दिनांक 24-25 जून को परियोजना में श्री अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक और श्रीमती चैताली मुखर्जी, हैदराबाद के आगमन पर श्रीमती मृणालिनी नाईक, अध्यक्षा, प्रेरणा महिला समिति ने पुष्पगुच्छ देकर उनका हार्दिक स्वागत किया। इसी प्रकार समिति सदस्याओं ने भी सीएमडी महोदय और श्रीमती मुखर्जी का पुष्पगुच्छ और फूल देकर स्वागत किया। महिला क्लब में अतिथियों के सम्मान में समिति सदस्याओं द्वारा नृत्य, गीत एवं विभिन्न तरह के गेम आयोजित किए गए। इस दौरान श्री एवं श्रीमती मुखर्जी की सुपुत्री कु.यशस्वी मुखर्जी भी मौजूद थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्वश्री रूपा कोचर, श्रीमति पूर्णिमा अनिल कुमार, प्रियंका विवेक कुमार, गौतमी बंसोड़, श्रीमति ऋचा शर्मा और श्रीमति नीता दशोरा का योगदान रहा।










दिनांक 19-20 जून को परियोजना में श्री डी.के. मोहंती, निदेशक (उत्पादन) का सपत्निक श्रीमति लिपि मोहनती आगमन हुआ इस अवसर पर श्रीमति मृणालिनी नाईक, अध्यक्षा, प्रेरणा महिला समिति ने पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक स्वागत किया। इसी प्रकार समिति की अन्य सदस्यों ने भी उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। श्री एवं श्रीमती मोहंती के सम्मान में क्लब में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्वश्रीमति पूर्णिमा अनिल कुमार, रूपा कोचर, ऋचा शर्मा और श्रीमति नीता दशोरा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।











## महाराष्ट्र मंडल

किरंदुल परियोजना स्थित महाराष्ट्र मंडल के सदस्यों ने श्री पद्मनाभ नाईक, मुख्य महाप्रबंधक से औपचारिक मुलाकात की एवं किरंदुल परियोजना प्रमुभ बनने और पदस्थापना पर हार्दिक स्वागत किया । इस दौरान सर्वश्री शिवदास चिकाटे, जीतेन्द्र ठाकरे, प्रसन्ना रांगनेकर, हितेन्द्र कुलारकर, अमित फुलझेले, मधुकर सितापराव, चेतन वाकडे उपस्थित थे।



## छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कामर्स



छ.ग. चैम्बर आफ कामर्स, किरंदुल के प्रतिनिधियों ने परियोजना प्रमुख श्री पद्मनाभ नाईक से सौजन्य मुलाकात करते हुए पदस्थापना की बधाई एवं शुभकामनाएं देकर हार्दिक स्वागत किया। चैम्बर जिलाध्यक्ष श्री ओम सोनी ने किरंदुल बाजार से जुड़ी कुछेक समस्याओं से मुख्य महाप्रबंधक को अवगत कराते हुए निराकरण का अनुरोध किया । इस दौरान श्री बी.के. माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) सहित चैम्बर के अन्य सदस्य उपस्थित थे ।

## कर्मा महोत्सव





दिनांक 5 से 7 जून 2023 तक साहू समाज भवन में कर्मा महोत्सव व कर्माधाम का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में भगवान श्री कृष्ण, माता कर्मा, माता राजिम, संत कबीर, शिवलिंग व अनान्यदेव प्राण प्रतिष्ठा इत्यादि आयोजित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय ताम्रध्वज साहू, गृह मंत्री, छतीसगढ़ शासन व अति विशिष्ट अतिथि श्री अरूण साव सांसद, बिलासपुर, संदीप साहू, अध्यक्ष तेलघाणी बोर्ड छ.ग. शासन, श्री एस.बी. सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), श्री धर्मेन्द्र सिन्हा, सहा.महाप्रबंधक (कार्मिक), श्री दीपक ताराचंद साहू पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प विकास बोर्ड,श्री टहल साहू, मृणाल राय, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, विनोद साहू, श्री वाई.वी. राघवेलु, महाप्रबंधक, एएमएनएस किरंदुल आदि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। संध्या कार्यक्रम में माता कर्मा की महाआरती, श्री पिलेन्द्र शरण, गरियाबंद द्वारा भक्तिमय कार्यक्रम, राउत नाचा, बच्चों द्वारा माता कर्मा की जीवनी तथा भंडारा प्रसादी सहित समाज रत्न सम्मान श्री अनिल साहू एवं श्रीमती गायत्री साहू को शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री टीकम चंद साहू ने की। जबकि संचालन श्री देवेंद्र साहू,सचिव व श्रीमती लता साहू ने किया। कार्यक्रम में श्री ओम साहू, महासचिव, श्री ढाल सिंह साहू, उपाध्यक्ष सहित साहू समाज के गणमान्य, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्वश्री/श्रीमती पलक राम साहू, तुला राम साहू, जीवन साहू, योगेश साहू, लाला राम साहू, लीला साहू, श्रीमती साक्षी साहू, तुलेश्वरी साहू का विशेष योगदान रहा।

## गवेषण में नया कीर्तिमान

एनएमडीसी के पास 2 ड्रिलमशीनें है, जिसमें से 8 न्यू जनरेशन अत्याधिक वायर लाईन, हाइड्रो स्टैटिक, क्रॉलर माउंटेड डायमंड कोरव आरसी ड्रिल मशीनें है, जो कि जीईसी रायपुर के अधीन हैं। ये मशीनें विभिन्न लौह अयस्क परियोजनाओं में तैनात की गयी हैं। संप्रति, किरंदुल खान समूह में चार ड्रिल मशीनें (आईडीयू 19 ए, 31, 34 एवं 31ए) अयस्क के वैज्ञानिक निर्धारण में सतत संलग्न हैं। यह कार्य विभिन्न परियोजनाओं के भूगर्भ वैज्ञानिकों एंवं परियोजना प्रबंधन के मध्य समन्वयन में जीईसी रायपुर के डिलिंग एवं साईट प्रभारी द्वारा संपादित होता हैं।



वित्तीय वर्ष 2023-24 बनाम पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (मीटर में)

| | | |
|---|---|---|
| किसी एक कार्य दिवस में किसी भी एक डायमंड कोर ड्रिल रिग द्वारा हासिल ड्रिलिंग मीटरेज | ड्रिलिंग मीटरेज : 102 मीटर<br>दिन : 28-06-2023<br>बोरहोल आईडीः सी16डब्ल्यू10,<br>निक्षेप क्रमांक -14 एनएमजेड,<br>किरंदुल खान समूह, ड्रिल रिग आईडी :<br>आईडीयू-31ए | ड्रिलिंग मीटरेज : 72 मीटर<br>दिन : 05-12-2022<br>बोरहोल आईडीः 10 एमई1,<br>निक्षेप क्रमांक -5, बचेली खान समूह<br>ड्रिल रिग आईडी : आईडीयू-32ए |
| किसी भी पहिली तिमाही में किसी भी एक डायमंड कोर ड्रिल रिग द्वारा हासिल ड्रिलिंग मीटरेज | ड्रिलिंग मीटरेज : 831<br>मीटर पहिली तिमाही - 2023<br>ड्रिल रिग आईडी : आईडीयू-31ए | ड्रिलिंग मीटरेज : 729.6<br>पहिली तिमाही - 2018<br>ड्रिल रिग आईडी : आईडीयू-31ए |

उक्त प्रदर्शन अब तक के गवेषणात्मक यात्रा में दर्ज हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कंपनी की गौरवशाली उपलब्धियों की कड़ी में जून माह एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है। यह पहला अवसर है जबकि किरंदुल खान समूह ने वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध पहिली तिमाही में ही 42.55 % डिलिंग मीटरेज हासिल किया हैं। जीईसी रायपुर प्रमुख श्री अनुराग चौबे महोदय ने कहा कि ये कीर्तिमान परियोजनाओं के अनवरत सहयोग एवम प्रोत्साहन से संभव हो पाया हैं एवं परियोजना प्रबंधन के सहयोग से जीईसी आगे भी नए-नए कीर्तिमान गढ़ने के लिए प्रयत्नशील हैं। महाप्रबंधक (भू-वैज्ञानिक) श्री सी. श्रवण कुमार ने कहा कि ये अप्रतिम उपलब्धियाँ कुशल ड्रिल प्रचालकों की अनथक श्रम और लगन सहित जीईसी ड्रिलिंग क्रू और परियोजना भूवैज्ञानिकों एवं परियोजना प्रबंधन के बीच सहयोग व जुगलबंदी का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। इन उपलब्धियों पर किरंदुल परियोजना प्रमुख श्रीपद्मनाभ नाईक महोदय ने बधाई एंव शुभकामना ज्ञापित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नयी मशीनें मील का पत्थर साबित होंगी। इसके प्रयोग से परियोजना के खनिज भंडारण के वैज्ञानिक निर्धारण क्षमता में न केवल बढ़ोत्तरी होगी बल्कि आईबीएम के मानदंडो के अनुरूप ड्रिलिंग लक्ष्यों को भी पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी।

## जून में उत्पादन के नए कीर्तिमान

माह जून, 2023 में परियोजना ने अब तक के किसी भी जून के दौरान किसी भी साल का सबसे अधिक निष्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उपलब्धि हेतु सभी को हार्दिक बधाई।

किसी भी जून माह

| क्र. | विवरण | उपलब्धि (जून 2023) | पिछला सर्वश्रेष्ठ (लाख टन) |
|---|---|---|---|
| 1 | आर.ओ.एम. उत्पादन | 11.09 | 10.57 (जून, 14) |
| 2 | एल.सी.एफ. उत्पादन | 11.79 | 10.80 (जून, 22) |
| 3 | एल.सी.एफ. प्रेषण | 12.91 | 11.28 (जून, 21) |
| 4 | एसपी-1 उत्पादन | 5.90 | 5.78 (जून, 22) |

किसी भी पहली तिमाही (प्रथम तिमाही)

| क्र. | विवरण | उपलब्धि (प्रथम तिमाही) | पिछला सर्वश्रेष्ठ |
|---|---|---|---|
| 1 | आर.ओ.एम. उत्पादन | 34.87 | 32.88 (2022-23) |
| 2 | कुल उत्खनन | 44.59 | 42.53 (2022-23) |
| 3 | एल.सी.एफ. उत्पादन | 37.72 | 35.68 (2022-23) |
| 4 | एल.सी.एफ. प्रेषण | 39.46 | 38.76 (2021-22) |
| 5 | आर.ओ.एम. उत्पादन 11 सी | 16.06 | 14.91 (2011-12) |
| 6 | आर.ओ.एम. उत्पादन 11 बी | 12.48 | 10.03 (2020-21) |
| 7 | वेस्ट उत्खनन 11 बी | 3.53 | 1.27 (2021-22) |
| 8 | कुल उत्खनन 11 बी | 16.01 | 10.91 (2021-22) |
| 9 | एसपी-I उत्पादन | 18.91 | 13.60 (2014-15) |
| 10 | एसपी-II उत्पादन | 15.64 | 14.49 (2019-20) |

## राजभाषा गतिविधियां

दिनांक 04-06-2023 को राजभाषा मासिक कार्यक्रम के तहत कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए हिंदी मुहावरा व लोकोक्तियां प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। परिणाम निम्नवत हैं :



हिंदी भाषी प्रतिभागी का नाम

| क्र | प्रतिभागी का नाम | विभाग | प्राप्त स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | हरिनारायण तिवारी, वरि.प्रबंधक (कार्मिक) | कार्मिक | प्रथम |
| 2 | बसंती नाग कनि. सहायक | वित्त | द्वितीय |
| 3 | कैलाश वर्मा, एमसीओ | लो.प्लांट | तृतीय |
| 4 | चन्द्रप्रकाश कौशिक कनि. सहायक | वित्त | सांत्वना |

हिंदीतर भाषी विजेता प्रतिभागी का नाम

| क्र | प्रतिभागी का नाम | विभाग | प्राप्त स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | सरस्वती नायर कनि. सहायक | कार्मिक | प्रथम |
| 2 | ब्रजेश मिश्रा, फर्मासिस्ट | चिकित्सालय | द्वितीय |
| 3 | गीता पाण्डे, आशुलिपिक | विद्युत सेवाएं | तृतीय |
| 4 | गिरमन बहादुर, सहायक | एसपी | सांत्वना |

## बधाई

किरंदुल क्रेंदीय विद्यालय की छात्रा कु.निधि श्रीवास्तव, कक्षा 12 वीं का चयन सकुरा साईंस प्रोग्राम, जापान हेतु किया गया है। कु. निधि को उच्च शिक्षा हेतु शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जापान भेजा गया है। कु. निधि के पिता डा.डी.के. श्रीवास्तव, संयुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं माता डॉ.अमृता श्रीवास्तव, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी किरन्दुल परियोजना अस्पताल में पदस्थ हैं। बैला समाचार की ओर से हार्दिक बधाई।



## फाइलों पर की जानेवाली नेमी टिप्पणियों एवं प्रयोगात्मक वाक्यांश ( अंग्रेजी- हिन्दी में )

| | | | |
|---|---|---|---|
| Approved as pre remarks in margin | हाशिए की टिप्पणियों के अनुसार अनुमोदित | Delay regretted | विलम्ब के लिए खेद है। |
| Approved as proposed/ suggested | प्रस्ताव के अनुसार अनुमोदित | Do the needful | आवश्यक कार्रवाई करें। |
| Cancelled | रद्द किया गया । | Expedite action | शीघ्र कार्रवाई करें । |
| Copy may be forwarded | प्रतिलिपि भेजी जाए। | Agree to above | उपर्युक्त से सहमत । |
| Circulate and then file | परिचालित करके फाइल किया जाए। | For onward transmission | आगे भेजने के लिए । |
| Under Consideration | विचाराधीन | Keep pending | लंबित रखें । |
| Follow up action | अनुवर्ती कार्रवाई करें। | May be considered | विचार किया जाए |
| For perusal | अवलोकनार्थ | May be informed accordingly | तदनुसार सूचित किया जाए । |
| Agreed | सहमत | Request may be acceded to | निवेदन स्वीकार किया जाए । |
| For immediate action please | तत्काल कार्रवाई के लिए । | May please see | कृपया देखें |
| Keep in abeyance | रोके रखा जाए। | O. K. (Okey) | सब ठीक है। |
| May be disposed of | निपटान किया जाए। | Order may be issued | आदेश जारी करें। |
| Submitted for approval | अनुमोदनार्थ प्रस्तुत । | Please discuss | चर्चा करें । |
| Take initiative | पहल करें। | Office to note & Comply | कार्यालय ध्यान दे एवं अनुपालन करे |
| Verified and found correct | सत्यापित किया और सही पाया। | Please speak | कृपया बातचीत करें। |
| May be sanctioned | मंजूरी दी जाए । | Please Put up | कृपया प्रस्तुत करें । |
| May be treated as urgent | इसे अति आवश्यक समझा जाए। | Seen, thanks | देखा, धन्यवाद । |
| Necessary action may be taken | आवश्यक कार्रवाई की जाए। | May be asked to clarify | स्पष्ट करने के लिए कहा जाए। |
| Need no comments | टिप्पणी की आवश्यकता नहीं है। | Fix the date for meeting | बैठक की तिथि तय करें । |
| please expedite compliance | शीघ्र अनुपालन करें। | Please keep it confidential | इसे गोपनीय रखें । |
| Please treat this as most urgent | कृपया इस पर तत्काल कार्रवाई करें। | Permitted | अनुमति दी गई । |
| Forwarded | अग्रेषित / अग्रसारित | Give top priority | परम अग्रता दें । |
| Action may be taken as proposed | यथा प्रस्तावित कार्रवाई करें। | Please keep upto date | कृपया उद्यतन करें । |

## उत्पादन एवं प्रेषण की स्थिति (लाख टन में)

| उत्खनन | लक्ष्य | वास्तविक | प्रतिशत | उत्पादन | लक्ष्य | वास्तविक | प्रतिशत | प्रेषण | लक्ष्य | वास्तविक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आर.ओ.एम. | 10.00 | 11.09 | 110.86% | लम्प | 1.65 | 2.23 | 135.22% | लम्प | 1.65 | 1.82 | 110.23% |
| वेस्ट उत्खनन (रिपोर्टेड) | 2.55 | 2.56 | 100.35% | सी.एल.ओ. | 1.85 | 1.72 | 92.85% | सी.एल.ओ. | 1.85 | 2.06 | 111.23% |
| | | | | फाईन (स्लाईम सहित) | 8.90 | 7.84 | 88.14% | फाईन (स्लाईम सहित) | 8.90 | 9.04 | 101.53% |
| कुल | 12.55 | 13.64 | 108.72% | कुल | 12.40 | 11.79 | 95.11% | कुल | 12.40 | 12.91 | 104.14% |

स्रोत : औद्योगिक अभि. विभाग, किरन्दुल

एन एम डी सी

NMDC

संपादक : संजय पाटील, सहायक महाप्रबंधक (राभा)

एनएमडीसी लिमिटेड, बैलाडीला आयरन ओर माईन, किरन्दुल काम्प्लेक्स

जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़, पिन-494556 द्वारा प्रकाशित एवं के. रघु राव, किरन्दुल द्वारा मुद्रित